# मदन एजेंसी की जांच करने दिल्ली से पहुंची टीम

## डुप्लीकेट सामान की शिकायत पर कार्रवाई

**शहडोल, देशबन्धु।** ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली सामान की बिक्री करने की शिकायत के बाद रीवा रोड सर्किट हाउस के पास स्थित मदन एजेंसी में दिल्ली कोर्ट से वकीलों की चार सदस्यों की टीम यहां पहुंचीं है। इस टीम ने मदन एजेंसी के कागजातों के साथ ही अन्य चीजों की जांच पड़ताल की है।



सोहागपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रीवा रोड सर्किट हाउस के पास स्थित मदन एजेंसी के खिलाफ अपोलो कंपनी ने दिल्ली कोर्ट में एक परिवाद दायर किया गया था, जिसमें उल्लेख किया गया था कि मदन एजेंसी में अपोलो कंपनी का डुप्लीकेट सामान बिक्री किया जा रहा है। कोर्ट ने वकीलों की चार सदस्य टीम गठित कर मदन एजेंसी में जांच के लिए शहडोल भेजा। टीम ने शहडोल पहुंचकर पहले सोहागपुर थाने में इसकी जानकारी दी और पुलिस गार्ड के साथ टीम मदन एजेंसी पहुंची। टीम मदन एजेंसी में डुप्लीकेट सामग्री को खंगालती रही। सोहागपुर पुलिस ने बताया कि दिल्ली कोर्ट ने टीम के एक सदस्य को डुप्लीकेट सामग्री जब्त करने के लिए अधिकृत किया है, जो जांच के बाद एजेंसी से डुप्लीकेट सामग्रियों की जब्ती बनाएगी।

सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पाण्डेय ने बताया कि हमें कोर्ट से आदेश था कि जांच टीम को पुलिस बल देना है, इसलिए हमने पुलिस टीम भेजी थी। उन्होंने बताया कि जांच में क्या पाया गया यह जांच टीम द्वारा कुछ सामग्री जप्त की गई है, जिसमें टीन सीट और लोहे के रॉड हैं।



## अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का आयोजन

**बालाघाट, देशबन्धु।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में रविवार को अंतर जिला युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत दतिया जिले से 25 युवाओं का दल बालाघाट पहुंचा। जिनका प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बस स्टेंड स्थित धर्मशाला में जिपं अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वार के मुख्य आतिथ्य एवं नपा परिषद पूर्व अध्यक्ष श्री अनिल धुवारे की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर होमगार्ड कमांडेंट रजनी सोनकर के मार्गदर्शन में होमगार्ड की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन का डिमांस्ट्रेशन किया गया। वहीं अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा कौशल विकास, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, जिले की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, रहन-सहन, खान-पान, भाषा, बोली, पहनावा, महिलाओं की स्थिति, शिक्षा का स्तर आदि से अवगत कराया गया।

इसी कड़ी में जिले का भ्रमण कार्यक्रम के तहत बालाघाट जिले का ऐतिहासिक कोटेश्वर महादेव, लांजी का किला,लंजकाई मंदिर एवं हट्टा की बावली, गांगुलपारा जलाशय व जलप्रपात का भी भ्रमण कराया गया।

# कक्षा पांचवीं-आठवीं की परीक्षा आज से, सभी तैयारियां पूर्ण



**शहडोल, देशबन्धु।** 24 फरवरी से कक्षा 5 और 8 की बोर्ड आधारित परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं, इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना संचालक अमरनाथ सिंह ने एक जानकारी में बताया कि परीक्षा दोपहर दो बजे से प्रारंभ होगी।

जिला परियोजना संचालक श्री सिंह ने बताया कि

इसके लिए जिले में 241 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ब्यौहारी में 57, बुढ़ार में 57, सोहागपुर 47, जयसिंहनगर में 52 और गोहपारू में 28 परीक्षा केंद्र नियत किए गए हैं। जिसमें कक्षा पांचवी के 17 हजार एवं कक्षा आठवीं के लगभग 20 हजार बच्चे परीक्षा देंगे। परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं संबंधित केंद्रों तक पहुंचा दी गई है।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक विकास खंड में केंद्राध्यक्षों की बैठक आयोजित कर परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। परीक्षाओं के सुचार संचालन के लिए विकासखण्ड स्तर पर निरीक्षण दल एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का भी गठन किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी का निदान तत्काल किया जा सके।

जिला परियोजना संचालक श्री सिंह ने कक्षा 5 और 8 के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से अपील की है कि वे सभी बच्चों को परीक्षा में अनिवार्य रूप से सम्मिलित कराएं।

### सार-समाचार

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बोदा वासियों को पहुँचाया निशुल्क लाभ

**बालाघाट,देशबन्धु।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बोदा में 21 फरवरी 2025 से लगाया गया रहा है। शिविर के तीसरे दिवस ग्राम बोदा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती तनुश्री अगासे द्वारा किया गया। इस शिविर में दंत चिकित्सक डॉ आदित्य बधाई , शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष गिरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राजेंद्र मरकाम आदि के द्वारा ग्राम बोदा के वासियों को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ पहुँचाया गया। शिविर के आयोजन में अनुश्री संस्थान की संचालक श्रीमती भावना श्रीवास्तव एवं श्री धाम वैलनेस फाउंडेशन का सहयोग रहा। शिविर में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर शिविर का भरपूर लाभ उठाया।

## रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए निजी भूमि का अधिग्रहण

**वारासिवनी,देशबन्धु।** वारासिवनी में रेलवे ओव्हर ब्रिज निर्माण कार्य के लिए निजी भूमि का अधिग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अधिग्रहण कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देश के अनुसार किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत, ग्राम वारा तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट के भू-स्वामियों की निजी भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। अधिग्रहण के लिए प्रभावित भूमि मालिकों की सहमति लेना आवश्यक होगा। प्रभावित भूमि मालिक लक्ष्मीबाई विधवा धनलाल निलेश, प्रियंका पिता धनलाल, लेखवंती पति हुकुमचंद लोधी, उमेश पिता नारायण गोवारी, बुधराम पित्ता आडकू गॉड, सुनील पिता नरेन्द्र, पंवार डिलेश्वर, टेकचंद, भागचंद, भूरकनबाई, सुलकन पिता पूरनलाल, जयचंद, मीराबाई, लालचंद सिलकन पिता रामलाल, ज्ञानचंद , ताराबाई संगीता, सुनित्ता पित्ता पूरनलाल,राजेश पिता प्रेमलाल है। प्रस्तावित रकबा कुल रकबा 1.918 हेक्टेयर है प्रभावित भूमि मालिकों को अपने आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए 15 दिन का समय दिया। इस अवधि के बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों मान्य नहीं होंगे।



## टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित

**वारासिवनी, देशबन्धु।** स्थानीय टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय के कक्षा आठवीं में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का बिदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कवि प्रणय श्रीवास्तव, शाला के प्रधान अध्यापक पंचम हनवत की मौजूदगी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 7 वीं के छात्र छात्राओं ने शिक्षक वाल्दे के कुशल मार्गदर्शन में किया । जिसमें सर्व प्रथम विद्या की देवी सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष प्रणय श्रीवास्तव, विनोद डहाटे, धनेंद्र सोनेकर श्रीमती सीमा उपलपवार, आंचल चैधरी की उपस्तिथि में दीप प्रज्ज्वलित किया गया ।

इस अवसर पर शाला के प्रधान अध्यापक पंचम हनवत ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। वहीं प्रणय श्रीवास्तव ने बच्चों से विभिन्न रोचक प्रश्न पूछकर परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए मन लगाकर पढने् का मंत्र दिया । सीमा उपलपवार ने बच्चों के जीवन का लक्ष्य सुनिश्चित करने हेतु कठिन परिश्रम करने का मंत्र दिया । कक्षा सातवीं एवं छठवीं के छात्र छात्राओं ने कक्षा आठवीं के भाई बहनों को अपनी ओर से विभिन्न स्मृति चिन्ह भेंट किए एवं छोटे भाई बहनों को सदा याद रखने कहा। इस अवसर पर संस्कार भारती के तत्वावधान में प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित विविध वेशभूषा प्रदर्शन में जीजा माता की भूमिका में सीमा उपलपवार, झलकारी बाई की भूमिका में दुर्गा बर्वे, देवी अहिल्या बाई की भूमिका में आंचल चैधरी की प्रस्तुति से बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली मातृ शक्तियों को अंगवस्त्र, श्रीफल, पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष रूप से समस्त छात्र छात्राओं की उपस्तिथि में मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों ने सम्मानित किया। बालाघाट से पधारी विशेष अतिथि एवं कला साधिका सीमा उपलपवार ने जीवन का लक्ष्य सुनिश्चित करने हेतु कठिन परिश्रम करने का उद्बोधन दिया । प्रयागराज महाकुंभ में अपनी रंगोली कला की प्रस्तुति कर चुकी आंचल चैधरी ने सभी बच्चों को अपने भीतर छुपी कला को प्रदर्शित करने की प्रेरणा दी। कराते प्रशिक्षिका शिवानी ने स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहने की बात कहकर प्रतिदिन स्वास्थ्य की ओर भी ध्यान देते हुए नियमित व्यायाम एवं अध्ययन करने कहा ।

# आपराधिक न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है अभियोजन : जस्टिस शुक्ला

## अनुसूचित जनजाति ( अत्याचार निवारण ) अधिनियम विषय पर कार्यशाला आयोजित

**शहडोल, देशबन्धु।** संभागीय जनसम्?पर्क अधिकारी अभियोजन नवीन कुमार वर्मा द्वारा बताया गया कि माननीय न्यायमूर्ति इंदौर खंडपीठ श्री विजय कुमार शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के विषय पर संचालक लोक अभियोजन श्री बीएल प्रजापति के मार्गदर्शन में तथा प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी शहडोल श्रीम?ती कविता कैथवास की अध्यक्षता में जिला अभियोजन संचालनालय शहडोल द्वारा 23 फरवरी को शहडोल में आयोजित की गई।

कार्यशाला में माननीय न्यायमूर्ति द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि भारत में प्राचीन काल से कार्य के आधार पर जातियों का बंटवारा किया गया था। बाद में इसी को अनुसूचित कर अनुसूचित जाति एवं जनजातियों की सूची तैयार की गई थी। आपराधिक न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी अभियोजन है।



अभियोजन की शुरूआत प्राचीन काल से हुई है, महाभारत काल में द्रोपदी चीर हरण के समय बिदुर द्वारा लोक अभियोजन की भूमिका निभाते हुये चीर हरण का विरोध किया गया था। धीरे-धीरे अभियोजन का विकास होते हुये अभियोजन आज अपने वर्तमान स्तर में पहुंचा है जो न्याय दान में न्यायालय की सहायता करता है समाज प्रगति शील होता है। समाज मे संशोधन होना अत्यंत आवश्यक होता है। माननीय न्यायमूर्ति द्वारा अनूसूचित जाति/जनजातियों के प्रकरणों की विवेचना में की जा रही कमियों को उल्लेख करते हुये उन्हें दूर करने के कई सुझाव दिए गए।

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हितेंद्रनाथ मिश्रा, कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता, पुलिस उप महानिरीक्षक शहडोल जोन सुश्री सविता सोहाने, कलेक्टर केदार सिंह, विशेष न्यायाधीश शहडोल सुभाष सोलंकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शहडोल राजेन्द्र सिंह सिंगार, पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव,

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर रहमान और जिला शहडोल न्यायालय के समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेट विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला में संभाग के तीनो जिलों के समस्त अभियोजन अधिकारियों एवं पुलिस के अनुविभागीय स्तर एवं निरीक्षक स्तर के विवेचना अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मंच संचालन प्रकाश चंद सोनी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला उमरिया द्वारा किया गया तथा स्वागत भाषण कविता कैथवास प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी शहडोल द्वारा दिया गया। कविता कैथवास के द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के वर्ष 2024 में न्यायालय द्वारा निराकृत प्रकरणों का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया और माननीय न्यायमूर्ति न्यायधिपति विजय कुमार शुक्ला द्वारा अपने व्यस्ततम समय से समय निकाल कर जिला अभियोजन संचालनालाय के कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिये अभार प्रकट किया। विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम शहडोल सुभाष सोलंकी द्वारा साक्ष्य प्रस्तुतीकरण के दौरान पुलिस/अभियोजन द्वारा की गई त्रुटियों पर सुधार के सबंध में व्यखायान दिया गया।

राजगौरव तिवारी एडीपीओ अनूपपुर द्वारा अभियोजन की कार्यप्रणाली एवं अभियोजन का संक्षिप्त इतिहास पर व्यख्ययान दिया गया। श्री सूर्य प्रसाद पाण्डेय वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी जिला रीवा के द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम पर व्यख्यान दिया गया।

वैज्ञानिक अधिकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय प्रदीप पोर्ते द्वारा घटना स्थल से साक्ष्य संकलन पर व्यख्यान दिया गया तथा डॉ. हर्षिता सिंह प्राध्यापक बिरसां मुंडा चिकित्सा महाविद्यालय जिला शहडोल द्वारा मानसिक तनाव प्रबंधन पर व्यख्यान दिया गया।

## देखते ही देखते जलकर खाक हो गया मिनी ट्रक

**शहडोल, देशबन्धु।** चलते मिनी ट्रक में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने पुरे ट्रक को अपने आगोश में ले लिया और मिनी ट्रक धू धू कर जलकर राख हो गया है। घटना खैरहा थाना क्षेत्र के करकटी गांव की है। जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों को बुलाया लेकिन जब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी, कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया गया लेकीन जब तक वाहन जल कर राख हो चुका था। मिनी ट्रक में लकड़ी का छिलका लोड था।



चालक ने बताया कि वाहन में लकड़ी का छिलका लोड कर वह पेपर मिल से भिलाई जा रहा था। तभी रास्ते में करकटी गांव के पास मिनी ट्रक में अचानक शॉर्ट सर्किट की वजह से इंजन में आग लग गई, समय रहते ही चालक ने उसे बुझाने की उतरकर कोशिश की, लेकिन चालक की कोशिश नाकाम रही। घटना देख स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस की डायल हंड्रेड को दी, जानकारी लगने के बाद डायल 100 पुलिस के साथ थाना प्रभारी दिलीप सिंह अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, और दमकल कर्मियों को मामले की खबर दी गई। धनपुरी का दमकल वाहन मौके पर पहुंचा जब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी।पुलिस के अनुसार मिनी ट्रक का चालक अशोक सिंह रायपुर का रहने वाला है,और वह पेपर मिल अमलाई से लकड़ी का छिलका लेकर भिलाई जा रहा था, तभी रास्ते में यह घटना घटी है,शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आई है, चालक में कूद कर अपनी जान बचाई है।

# पानी के लिए दर दर भटक रहे ग्राम पंचायत बोटेझरी के ग्रामीण

## तीन महीने से नल जल योजना ठप, हैंडपंप सूखे

**वारासिवनी,देशबन्धु।** स्थानीय जनपद पंचायत क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बोटेझरी में पिछले 3 महीना से नल जल योजना पूरी तरह बंद पड़ी हुई है। जहां पर ग्रामीणों को पीने और निस्तार के लिए पानी प्राप्त करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। इस दौरान ग्रामीणों के द्वारा हर स्तर पर शिकायत की गई है, परंतु समाधान नहीं हो पाया। ऐसे में उन्हें भीषण गर्मी जो सामने आने वाली है उसको लेकर डर बना हुआ है। वहीं रोजाना पूरे परिवार के साथ देर रात्रि तक और प्रात: से ही पानी की खोज कर घरों में पानी की पूर्ति करने से वह बहुत परेशान है। जिनके द्वारा शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है और निराकरण की गुहार भी लगाई जा रही है। समस्या का जल्द समाधान नही होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी भी दे दी गई है।

पूर्व सरपंच आरिफ अली ने बताया कि नल जल योजना 3 महीने से बंद है गांव के लोग इतने परेशान है कि आधा आधा किलोमीटर दूर जाकर पानी ला रहे हैं। हालत बहुत खराब है पंचायत स्तर से वैकल्पिक व्यवस्था अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा नहीं बनवाई गई है। इस परेशानी में इनको टैंकर से लोगों को पानी देना था या अन्य कार्य करना था जिससे कि सभी को पानी मिल सके। परंतु ऐसा कुछ नहीं किया गया है। ग्रामीण एजाज अली ने बताया कि तीन माह से नल जल योजना बंद है मुख्यमंत्री शिकायत हेल्पलाइन 181 पर ग्राम के कम से कम 30 लोगों के द्वारा शिकायत की गई है।

**इनका कहना है**-दूरभाष पर चर्चा में बताया कि उक्त समस्या के लिए जिला कलेक्टर को शिकायत की गई थी और पीएचई कार्यालय में विभिन्न बार शिकायत की जा चुकी है। जिसमें अधिकारी के द्वारा समाधान करने की बात कही जा रही है । किंतु कि नहीं गई है और 2 दिन हमारे द्वारा देखा जा रहा है वरना पंचायत के माध्यम से नया बोर कर व्यवस्था बनाने का कार्य किया जाएगा।

**डुलीचंद बोपचे, सरपंच बोटेझरी**

# दुबई फूड एक्सपो में 140 देशों के सामने चमका बालाघाट का चावल

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट का चावल कोई साधारण चावल नहीं है, इसकी महक और जायका विदेशी नागरिकों को भी खासा लालायित कर रहा है। इसी कारण अफ्रीकन और गल्फ देशों में आईआर-64 की तो डिमांड है ही, अब चावल की अन्य किस्में भी बालाघाट के किसानों को नई पहचान दिला सकती हैं। इसकी शुरुआत बालाघाट के ही कुछ राइस मिलर्स ने दुबई में 17 से 21 फरवरी तक आयोजित हुए फूड एक्सपो में की है। दुबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में दुनिया भर के खाद्य पदार्थो को लेकर व्यापार जगत के दिग्गज पहुँचे थे। यहां दुनिया के 140 देशों के खाद्य पदार्थो के साथ प्रतिनिधि एकत्रित हुए थे। इसी एक्स्पो में आकाश इंडस्ट्रीज राइस मिल के श्री पलाश सोमानी बालाघाट की कुछ चुनिंदा किस्मों लेकर इस फूड एक्सपो में पहुँचे थे। उनके द्वारा स्टॉल लगाया गया था। साथ ही केसर एग्रोटेक के रवि वैद्य भी डायरेक्ट राइस सैलिंग की सम्भावनाये तलाशने पहुँचे थे।

उन्होंने बताया कि हम अफ्रीकन व गल्फ देशों में चावल एक्स्पोर्ट कर रहें है। लेकिन अब सीधे बॉयर से कांटेक्ट कर बालाघाट के



चावल का ज्यादा से ज्यादा एक्सपोर्ट कर सकें तथा विदेशों में बालाघाट के चावल की मांग का जायजा लेने पहुँचे थे।

**भारत सरकार की ईपीसी पॉलिसी कर रही प्रमोट**-केसर एग्रोटेक के वैद्य ने बताया कि बालाघाट से भी सीधे विदेशों में चावल

## भारत सरकार की ईपीसी पॉलिसी से मिलेगा बढ़ावा

एक्सपोर्ट कर सकते है। अभी वे इनडायरेक्ट प्रतिवर्ष 1400 से 1500 एमटी राइस एक्सपर्ट कर रहे हैं।

डायरेक्ट निर्यात करने में भुगतान समय पर नहीं होने से अभी समस्याएं है। हालांकि अब भारत शासन की ईपीसी पॉलिसी जिसमें एक सप्ताह में बैंक से एक्सपोर्टर को पैसा मिल जाता है। श्री वैद्य ने 18 से 20 फरवरी तक एक्सपो में अलसास क्षेत्र में ट्रेडर्स के साथ प्रोडक्ट डीलिंग पर चर्चाएं की। उन्होंने वहां 30 से 40 ट्रेडर्स के साथ चर्चाएं की।

**क्या है ईपीसी ? ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 अच्छा अवसर**-निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसी) सलाहकार निकाय हैं जो भारत सरकार की नीतियों में सक्रिय रूप से योगदान देते हैं और उद्योग और सरकार के बीच एक इंटरफेस के रूप में कार्य करते हैं। ईपीसी भारतीय निर्यात को बढ़ावा देने और विदेशी खरीदारों को भारतीय निर्यातकों तक आसानी से पहुँचने के लिए एक तंत्र प्रदान करने के लिए क्रेता-विक्रेता बैठकें, व्यापार मेले/प्रदर्शनियाँ और सूचना बूथ जैसी बड़ी संख्या में प्रचार गतिविधियाँ आयोजित करता है। इस लेख में, हम निर्यात संवर्धन परिषद के साथ पंजीकरण करने की प्रक्रिया को देखते हैं। भोपाल में आयोजित दो दिवसीय 24 व 25 फरवरी का ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 एक ऐसा ही अवसर है। जिसमें देश विदेश के बॉयर व सेलर्स मौजुद रहेंगे। जो अपने उत्पादों को एक्सपोट्स करने पर संवाद कर सकते है।

**गुयाना सोमानिया बेनिन टोगो सहित गल्फ देश में ज्यादा अवसर**- श्री वैद्य ने बताया कि वर्तमान समय में मप्र में भी उद्योगों को ब?ावा देने के लिए शासन आगे आ रही है। इससे देश विदेश में निवेश और प्रोक्योरमेंट के साथ ही एक्सपोर्ट में ज्यादा अवसर मिल सकेंगे। अभी आईआर-64 अफ्रीकन देशों में गुयाना, सोमालिया, बेनिन टोगो सहित गल्फ के देशों में पसन्द किया जा रहा है। इससे आगे भी सम्भावनाये असीमित है।